दैनिक

# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, बुधवार 14 अगस्त 2019

www.nyaysakshi.com




## संपादकीय

# कर्ज का मजा

यह जानकर कुछ लोगों को हैरानी हो सकती है कि देश के शहरी युवा अपनी शादी के लिए सबसे ज्यादा लोन लेते हैं। डिजिटल लेंडिंग प्लैटफॉर्म इंडियालेंड्स के एक सर्वेक्षण में इसका खुलासा हुआ है। यह सर्वेक्षण उसने आज मनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में किया है। इसके लिए उसने दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई के 20 से 30 की उम्र के 5200 नौजवानों के ऋण-आवेदनों का अध्ययन किया। इन युवाओं में नौकरीपेशा और अपना कारोबार करने वाले, दोनों शामिल हैं।

आवेदनों से पता चला कि 2018-19 में इस आयु वर्ग के 20 प्रतिशत नौजवानों ने शादी के लिए ऋण लिया। शादी के बाद पर्यटन यानी घूमने-फिरने का नंबर है। 19 फीसदी नौजवानों ने इसके लिए लोन लिया, जबकि 11 फीसदी ने अपना स्टार्ट-अप शुरू करने के लिए लोन लिया और 7 प्रतिशत ने लाइफस्टाइल से जुड़ी चीजें जुटाने के लिए ऋण मांगा। अलग-अलग शहरों के नौजवानों की प्राथमिकताएं भी अलग-अलग हैं।

जैसे शादी के लिए मुंबई के युवाओं ने सबसे ज्यादा ऋण लिए। उनकी संख्या 22 फीसदी है। घूमने-फिरने के मामले में हैदराबाद के युवा सबसे आगे हैं। वहां 20 फीसदी युवाओं ने इसके लिए लोन लिया। अपना स्टार्ट-अप शुरू करने में सबसे ज्यादा रुचि बंगलुरु के युवाओं ने दिखाई। वहां इसके लिए 27 पर्सेंट आवेदन आए। लाइफस्टाइल के मामले में दिल्ली के यूथ आगे हैं। यहां के 27 फीसदी युवाओं ने अपनी लाइफस्टाइल पर खर्च के लिए लोन लिया।

इंडियालेंड्स के सीईओ गौरव चोपड़ा का कहना है कि आज के युवा पुरानी पीढ़ी की तरह हाथ बांधकर खर्च नहीं करते। वे खुलकर खर्च करने में यकीन करते हैं और इसके लिए ऋण लेने में संकोच नहीं करते। साल दर साल युवाओं द्वारा लोन लेने की मात्रा बढ़ती ही जा रही है। दरअसल आज की यंग जेनरेशन पर पिछली पीढ़ी का दबाव कम है। वह अपने बारे में फैसले लेने के लिए स्वतंत्र है, इसलिए हर छोटे से छोटा निर्णय खुद कर रही है। अपनी शादी के लिए पैरंट्स पर निर्भर रहना उसे अच्छा नहीं लगता। इसलिए आज के युवा अपनी मनमुताबिक शादी के लिए खुद ही पैसे जुटाते हैं। नौजवानों के लिए घूमना-फिरना काफी मायने रखता है। आज वे खूब काम भी करते हैं लेकिन उसी के बीच यात्राओं के लिए भी समय निकाल लेते है। इस पर वे खुलकर खर्च भी करते हैं। वे नई-नई जगहों पर घूमना पसंद करते हैं, जबकि पुरानी पीढ़ी घूमने-फिरने के नाम पर पैतृक गांव या तीर्थस्थलों तक सीमित थी।

इसी तरह कपड़े-जूते और गैजट्स पर भी युवा खूब खर्च करते हैं। कुछ लोगों को यह सब फिजूलखर्ची लग सकती है। वे इस बात से परेशान हो सकते हैं कि युवा बचत क्यों नहीं करते? असल में यह नजरिए का फर्क है। आज के युवा वर्तमान में ज्यादा जीते हैं और उसे ज्यादा से ज्यादा सुखद बनाना चाहते हैं। वे भविष्य की परवाह नहीं करते।

# वाहनों उद्योग में 13 लाख लोगों की नौकरी गयी, बिक्री में सदी की सबसे बड़ी गिरावट



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वाहन उद्योग में एक साल से जारी संकट के कारण लगभग 13 लाख लोगों की नौकरी चली गयी है और जुलाई में देश में वाहनों की बिक्री में सदी की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गयी। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के मंगलवार को यहां जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2018 की तुलना में इस साल जुलाई में वाहनों की कुल बिक्री 18.71 प्रतिशत घट गयी। जुलाई 2019 में घरेलू बाजार में कुल 18,25,148 वाहन बिके जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 22,45,223 था। यह दिसंबर 2000 (21.81 प्रतिशत) के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। यह लगातार आठवां महीना है , जब सभी श्रेणी के वाहनों की कुल बिक्री में कमी दर्ज की गयी है।

कारों समेत पूरे यात्री वाहन क्षेत्र में भी सदी की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गयी। यात्री कारों की बिक्री जुलाई 2018 के 1,91,979 इकाई से घटकर 1,22,956 इकाई रह गयी। इस प्रकार इसमें 35.95 प्रतिशत की गिरावट रही। इससे पहले दिसंबर 2000 में कारों की बिक्री 35.22 प्रतिशत घटी थी।


उपयोगी वाहनों की बिक्री में 15.22 प्रतिशत और वैनों की बिक्री में 45.68 प्रतिशत की गिरावट रही। इस प्रकार यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल जुलाई के 2,90,931 से घटकर इस साल जुलाई में 2,00,790 इकाई रह गयी। यात्री वाहनों में कारें, उपयोगी वाहन और वैन आते हैं।

यह लगातार नवां महीना है जब यात्री वाहनों की बिक्री में कमी आयी है। पिछले साल जून से इस साल जुलाई तक 14 महीने में से (अक्टूबर 2018 को छोड़कर) 13 महीने इनकी बिक्री घटी है।

बिक्री के आँकड़े जारी करते हुये सियाम के महानिदेशक विष्णु माथुर ने विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आँकड़ों का हवाला देते हुये कहा कि वाहन उद्योग में एक साल से जारी मंदी के कारण तकरीबन 13 लाख लोगों की नौकरियाँ गयी हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बुरा प्रभाव वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली कंपनियों पर पड़ा है। रिपोर्टों के मुताबिक इस क्षेत्र में करीब 11 लाख लोगों की नौकरी गयी है। इनमें एक लाख की छँटनी बड़ी कंपनियों तथा 10 लाख की छँटनी छोटे आपूर्तिकर्ताओं ने की है। करीब 300 डीलरशिप बंद हो चुके हैं और डीलरों ने दो लाख 30 हजार लोगों को नौकरी से निकाला है। सियाम ने जिन 10-15 वाहन निर्माता कंपनियों के आँकड़े एकत्र किये हैं उन्होंने भी 15 हजार लोगों को निकाला है। सबसे ज्यादा गाज अस्थायी कर्मचारियों पर गिरी है।

माथुर ने कहा कि सियाम कई महीने से सरकार से राहत पैकेज की माँग कर रहा है और यदि जल्द इसकी घोषणा नहीं की गयी तो संकट गहरा जायेगा। उन्होंने कहा जो स्थिति है उससे लगता है कि संकट और गहरा गया है। आँकड़ों से स्पष्ट की किस प्रकार राहत पैकेज की अविलंब जरूरत है। वाहन उद्योग अपनी तरफ से बिक्री बढ़ाने के उपाय कर रहा है। सरकार को भी हरकत में आना होगा। उन्होंने बताया कि उद्योग प्रतिनिधियों की सरकार के साथ हाल ही में बातचीत हुई है। उद्योग ने वाहनों पर कर की दर घटाने, स्कैपेज नीति लाने और वित्तीय क्षेत्र - विशेषकर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों - को मजबूत करने की माँग की है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने होम लोन को रीपो रेट से जोड़ा




**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय स्टेट बैंक और अन्य बैंकों की राह पर चलते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने भी रीपो रेट आधारित होम लोन पेश किया है।

बैंक ने बताया कि रीपो आधारित होम लोन के साथ ग्राहकों के पास एमसीएलआर आधारित रेट और रीपो आधारित लोन के बीच चयन करने का विकल्प होगा। स्टेट बैंक, कैनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया समेत अन्य सरकारी बैंक पहले ही रीपो रेट आधारित कर्ज की पेशकश करने की घोषणा कर चुके हैं।

## अब फोन-कंप्यूटर ही नहीं, डीएसएलआर कैमरे भी हैकिंग की चपेट में



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आपके फोन या कंप्यूटर को हैकिंग का खतरा है, बल्कि डीएसएलआर कैमरों की हैकिंग हो सकती है। सुरक्षा शोधकर्तों ने चेतावनी दी है कि डीएसएलआर कैमरों पर भी रैनसमवेयर या मैलवेयर हमले हो सकते हैं। साइबर सुरक्षा कंपनी चेक प्वाइंट सॉफ्टवेयर टेक्नॉलजीज के शोधकर्ताओं ने पाया है कि आधुनिक कैमरे यूएसबी और वाईफाई से जुड़े होते हैं, ऐसे में हैकर्स उनके डेटा पर नियंत्रण प्राप्त कर सकते हैं।

चेक प्वाइंट सॉफ्टवेयर टेक्नॉलजीज के सुरक्षा शोधकर्ता इयाल इटकिन ने बताया, कोई भी स्मार्ट डिवाइस, जिसमें डीएसएलआर कैमरे भी शामिल है, हमले के लिए अत्यंत संवेदनशील हैं। इटकिन ने कहा, कैमरे अब केवल यूएसबी से कनेक्ट नहीं हो रहे हैं, बल्कि वाईफाई नेटवर्क और संबंधित वातावरण से भी कनेक्ट हो रहे हैं। यह उन्हें हमलावरों की जद में पहुंचाता है। अगर कैमरे पर हमला किया जाता है तो उसकी तस्वीरों को बंधक बनाया जा सकता है और बदले में फिरौती की मांग की जा सकती है।

चूंकि आधुनिक कैमरों में तस्वीरें फिल्म पर नहीं उतारी जाती है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय इमेजिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन ने एक मानक प्रोटोकॉल बनाया है, जिसे पिक्चर ट्रांसफर प्रोटोकॉल (पीटीपी) नाम दिया गया है, इसी के माध्यम से कैमरे से तस्वीरें पीसी पर ट्रांसफर की जाती है। हालांकि इस प्रोटोकॉल में मुख्य जोर तस्वीरों के ट्रांसफर पर ही है, लेकिन इसके माध्यम से कैमरों के फर्मवेयर अपडेट एक दर्जन कमांड दिए जाते हैं।

## ओयो ग्राहकों को देगी 10 लाख का बीमा कवर, नहीं लगेगा कोई एक्स्ट्रा चार्ज

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ओयो होटल्स एंड होम्स ने अपने मेहमानों को बुकिंग कीमत पर 10,00,000 रुपये के कांप्लिमेंटरी बीमा कवर की घोषणा की है, जो देश भर की सभी ओयो संपत्तियों में दी जाएगी। ओयो ने एक बयान में कहा कि बीमा कवर को एको जनरल इंश्योरेंस की भागीदारी में लांच किया गया है।

बयान में कहा गया है, कांप्लिमेंटरी बीमा पैकेज के तहत ओयो मेहमानों को 10,00,000 रुपये का बीमा प्रदान करेगी। इसमें दुर्घटना में मौत होने पर (10 रुपये का कवरेज), सामान खोने पर (10,000 रुपये का कवरेज), दुर्घटना होने पर इलाज के खर्च पर (25,000 रुपये तक का कवरेज) और ओपीडी ट्रीटमेंट जैसी अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

ओयो ने कहा कि यह सुविधा ओयो होटल्स, ओयो होम, ओयो टाउनहाउस, कलेक्शन ओ, सिल्वरकी, कैपिटल ओ और पैलेट रिजार्ट्स में दी जाएगी। साथ ही ओयो एप, वेबसाइट, मोबाइल वेबसाइट, सीधे बुकिंग या वॉक इन बुकिंग समेत सभी तरह की बुकिंग पर यह सुविधा दी जाएगी।

## जीएसटी हटने से चमकीली हुई राखी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सभी तरह की राखियों के जीएसटी मुक्त होने के एक साल बाद बाजारों में रौनक दिख रही है। पारंपरिक राखी निर्माता और डीलर्स ने इस साल राखियों में ग्लास, बीड्स, स्टोन का बेधड़क इस्तेमाल किया है और सेल्स भी पिछले साल के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा बताई जा रही है। हालांकि राखियों की बढ़ती ऑनलाइन डिमांड के बीच ई-कॉमर्स और गिफ्टिंग प्लैटफॉर्म अच्छी कमाई कर रहे हैं। उन्होंने इस साल ऑर्डर में 40 प्रतिशत तक ग्रोथ दर्ज की है।

राखियों के होलसेल हब सदर बाजार की फर्म अनिल भाई राखी वाले के मुताबिक, पिछले साल राखियों से जीएसटी त्योहार से ऐन पहले हटाया गया था, जिससे कोई खास लाभ नहीं मिला था, लेकिन इस बार मैन्युफैक्चरर्स और ट्रेडर्स के पास पूरे एक साल का समय था। इसका सेल्स पर पॉजिटिव असर पड़ा है। कीमतों में भी कमी आई है।

पिछले साल तक ग्लास बीड वाली राखियों पर 18 प्रतिशत तो जरी, नायलॉन, सिल्क पर 12 पर्सेंट तक टैक्स लग रहा था। राखी का कोई विशेष स्लैब न होकर रॉ मैटीरियल या इनपुट के हिसाब से दरें तय की गई थीं, जिसमें कई विसंगतियां थीं। इस साल सब कुछ क्लियर है और मैन्युफैक्चरर्स ने ग्लास, प्लास्टिक बीड्स, स्टोन और अन्य जड़ित वस्तुओं का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया है। साल थोक बिक्री 20 प्रतिशत ज्यादा दर्ज की गई है। ऑनलाइन वेंडर्स की ओर से डिमांड साल दर साल बढ़ रही है। गिफ्टिंग प्लैटफॉर्म फर्न्स ऐंड पेटल्स ने इस साल 100 से ज्यादा देशों में राखी डिलिवरी सर्विस लॉन्च की है।

## जियो फाइबर के ऐलान के बाद उछले रिलायंस के शेयर, बाजार की शुरुआत लाल निशान पर



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक बाजारों के खराब प्रदर्शन के बाद आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। कारोबार के शुरुआती मिनटों में सेंसेक्स 100 अंक से अधिक लुढ़ककर कर 37,450 के नीचे आ गया। हालांकि कुछ देर बाद ही सेंसेक्स में 200 अंकों की बढ़त देखने को मिली। इसी तरह निफ्टी की शुरुआत 25 अंकों की गिरावट के साथ हुई। हालांकि 10 मिनट के भीतर निफ्टी हरे निशान पर भी आ गया। शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 7 फीसदी से अधिक की तेजी दर्ज की गई। वहीं इस दौरान एयरटेल के शेयर 4 फीसदी तक लुढ़क गए।

दरअसल, सोमवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने एनुअल जनरल मीटिंग को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि कंपनी को इतिहास का सबसे बड़ा निवेश मिला है। मुकेश अंबानी के मुताबिक आरआईएल ने सऊदी अरामको के साथ करार किया है। इस डील के तहत सऊदी अरामको की पेट्रोरसायन केमिकल बिजनेस में 20 फीसदी हिस्सेदारी होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने पेट्रोलपंप कारोबार की 49 फीसदी हिस्सेदारी भी ब्रिटेन की बीपी कंपनी को बेचने की घोषणा की है।

इन सौदों से कंपनी को 1.15 लाख करोड़ रुपये की आमदनी होगी और इस धन से वह अपना कर्ज कम कर सकेगी। मुकेश अंबानी ने बताया कि कंपनी की योजना अगले 18 महीने में कर्ज मुक्त बनने की है। इसके साथ ही मुकेश अंबानी ने ब्रॉडबैंड सेवा 'जियो गीगा फाइबर' शुरू करने की भी घोषणा की। जियो फाइबर कंपनी की ऑप्टिकल फाइबर फिक्स्ड लाइन आधारित ब्रॉडबैंड सेवा है।

बता दें कि सोमवार को देश के प्रमुख शेयर बाजार ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मौके पर बंद थे। बाजार के लिए आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार का था। इस दिन सेंसेक्स 254.55 अंकों की तेजी के साथ 37 हजार 582 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 77.20 अंकों की तेजी के साथ 11 हजार 110 पर रहा था।

## आज का राशिफल

*मेषः-* यदि आप आपके लिए कुछ नया शुरू करने की योजना बना रहे हैं, तो जल्दबाजी ना करें, सभी पक्षों का सही से मूल्यांकन करें उसके पश्चात ही कोई निर्णय करें।

*वृषभः-* आपकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताए बढ़ सकती है। सहनशक्ति से काम लें और कार्यक्षेत्र में दूसरों के सामने अपने को असहज महसूस न होने दें।

*मिथुनः-* आपको भरपूर भाग्य का सहारा मिलेगा। व्यापार अथवा कार्यक्षेत्र में दिन लाभप्रद रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह कर पाएंगे।

*कर्कः-* अविवाहितों के लिए अनुकूल समय है, विवाह के योग बनेंगे। आपकी अपनों से भेंट होगी। पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए यह दिन अच्छा रहेगा।

*सिंहः-* व्यर्थ की भागदौड़ से बचें एवं मानसिक संतुलन बनाए रखें। आर्थिक स्थिति पहले की अपेक्षा मजबूत होगी। दिखावे एवं आडंबरों से दूर रहें।

*कन्याः-* आर्थिक स्थिति में वृद्धि और रुके कार्यों में प्रगति होगी। स्वास्थ्य के मामले में यह समय अच्छा नहीं है। वाहन ध्यान से चलाएं चोट लगने की संभावना है।

*तुलाः-* आज आपको कुछ अच्छी और कुछ बुरी चीजों का सामना करना पड़ सकता है, रुके हुए कार्यों में प्रगति होगी परंतु आपकी सक्रियता महत्वपूर्ण रहेगी।

*वृश्चिकः-* आज आप आक्रामक रहेंगे, आपके इरादे बहुत स्पष्ट रहेंगे जिसकी वजह से आप कार्यस्थल और घर पर सभी काम सही तरीके से कर पाएंगे।

*धनुः-* एक महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात होगी। मनोबल मजबूत रहेगा। रुका हुआ धन मिलेगा। समाज में सम्मान मिलेगा। व्यापार में नई योजनाओं के शुभारंभ की संभावना है।

*मकरः-* आज आपके कार्य स्थान पर और अधिक प्रतिस्पर्धी रहेगी, पराक्रम से बिगड़े कार्य भी सफलतापूर्वक पूरे हो सकेंगे। परिवार में मतभेद उभरेंगे।

*कुंभः-* परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। अपनी रोजमर्रा की जिंदगी को और अधिक रोचक बनाएं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

*मीनः-* आप अपने क्रोध और जलन को निर्यत्रित करने की जरूरत है, जल्दबाजी से काम करने से नुकसान होने की आशंका है। यह समय संतान के लिए भी हितकारी नहीं है।

## लौकी का चीला बनाने की विधि...



### सामग्री

दो लौकी, दो चम्मच सूजी, आधा कप बेसन, नमक स्वाद अनुसार, तेल, तीन हरी मिर्च, दो चम्मच अजवाइन, आधा चम्मच गरम मसाला, आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, धनिया

### विधि

सबसे पहले लौकी को अच्छी तरह से घिस लें। फिर लौकी में हरी मिर्च, सूजी, नमक, गरम मसाला, लाल मिर्च, अजवाइन, धनिया पत्ती और बेसन डालें। सारी चीजों को अच्छी तरह मिला लें।

-इसके बाद पानी डालकर बैटर तैयार करें। बैटर बनाते वक्त ध्यान रखें कि यह ना तो ज्यादा पतला हो और न ही ज्यादा गाढ़ा हो। क्योंकि दोनों ही स्थितियों में चीला बनाने में परेशानी होगी और स्वाद में भी अंतर आएगा।

-बैटर बनाने के बाद एक नॉन स्टिक पैन में तेल गर्म करें। इसमें एक चम्मच बैटर डालकर फैला दें। जब तक यह हल्का भूरा न हो जाए तब तक इसे सेकें। इसके बाद चीला के ऊपर थोड़ा सा तेल छिड़कें। दूसरी तरफ पलटें और अच्छी तरह से सेक लें।

-दोनों तरफ सिकने के बाद इसे बाहर निकालें और दूसरे चीले के लिए बैटर डालकर वही प्रक्रिया दोहराएं। इसे आप सॉस या चटनी के साथ परोस सकते हैं।


## शब्द सामर्थ्य- 55

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू-दोकू- 55

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र. 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |